न्यूज डायरी

Visit of RD, Shimla to Mandi camp (GP Mahadev) - August 05, 2025- Amar Ujala newspaper clip

# महादेव में 100 खातों की करवाई री-केवाईसी

सुंदरनगर (मंडी)। वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं री-केवाईसी अभियान के तहत मंगलवार को महादेव पंचायत में विशेष शिविर आयोजित किया। इसमें आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देश की सभी पंचायतों में चलाया जा रहा है। शिविर में लगभग 130 खाताधारकों ने भाग लिया, जिनमें से 100 खातों की मौके पर ही री-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके अलावा कई लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन भी कराया। संवाद